मुहाना थाने के पास ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

जयपुर। राजधानी जयपुर के मुहाना के पास लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रांसफॉर्मर से पहले तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उसमें से धुआं और लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग एवं दमकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया।

सवाई मानसिंह अस्पताल जर्जर भवन का छज्जा गिरा, मलबे में दबने से एक की मौत

चरक भवन के पास स्थित डॉक्टर्स सेमिनार हॉल की जर्जर इमारत का छज्जा गिरा था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल परिसर में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। चरक भवन के पास स्थित डॉक्टर्स सेमिनार हॉल की जर्जर इमारत का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल को ट्रॉमा सेंटर में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। चरक भवन के निकट बने डॉक्टर्स सेमिनार हॉल भवन का कुछ हिस्सा काफी समय से जर्जर अवस्था में था। भवन की स्थिति को देखते हुए इसके उपयोग को सीमित कर दिया गया था। इसी दौरान भवन का छज्जा अचानक टूटकर नीचे गिर गया।

सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में शनिवार दोपहर डॉक्टर्स सेमिनार हॉल की जर्जर इमारत का छज्जा गिरने से एक युवक की मौत हो गयी।

- इस हादसे में एक युवक घायल भी हुआ, जिसे ट्रोमा सेंटर में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय दो व्यक्ति भवन के नीचे छाया में आराम कर रहे थे। छज्जा गिरते ही दोनों मलबे की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद लोगों और अस्पताल कर्मियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकालकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इलाज के दौरान एक घायल सागर (40) निवासी केकड़ी की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल बाबूलाल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।घायल बाबूलाल ने बताया कि वह और सागर अस्पताल परिसर के पास चल रहे एक भंडारे में भोजन करने के बाद छाया में आराम करने के लिए सेमिनार हॉल की इमारत के नीचे आकर सो गए थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से पत्थर और मलबा गिरने लगा। उन्होंने बताया कि सागर को गंभीर चोटें आई थीं। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों के अनुसार दोनों व्यक्ति खाना खाने के बाद भवन के नीचे विश्राम कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। हादसे ने अस्पताल परिसर में मौजूद जर्जर भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 27 अधिकारियों का तबादला

- संयुक्त निदेशक रजनीश शर्मा को क्षेत्र प्रचार शाखा मुख्यालय जयपुर की जिम्मेदारी सौंपी
- उपनिदेशक तरूण जैन मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ और ओटाराम चौधरी संभालेंगे चिकित्सा विभाग
- सहायक निदेशक हेतप्रकाश शर्मा को मिला ''राजस्थान संवाद'' का जिम्मा

जयपुर (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा ने आदेश जारी कर 27 अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें संयुक्त निदेशक से लेकर वरिष्ठ सहायक स्तर तक के अधिकारी शामिल है।

आदेश के मुताबिक संयुक्त निदेशक रजनीश शर्मा को मुख्यालय जयपुर की क्षेत्र प्रचार शाखा में लगाया गया है। उपनिदेशक तरुण जैन को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ में, उपनिदेशक ओटाराम चौधरी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा उपनिदेशक विजय खंडेलवाल को ईएनजी मुख्यालय जयपुर में लगाया है। इसी प्रकार सहायक निदेशक हेतप्रकाश शर्मा को राजस्थान संवाद तथा पूनम खंडेलवाल को सोशल मीडिया, मुख्यालय जयपुर के पद पर लगाया गया है।

इसी तरह जनसंपर्क अधिकारी आशुराज आनंद को सूचना केन्द्र जयपुर, सुरेन्द्र सामरिया को पुलिस मुख्यालय जयपुर, सतीश सोनी को अजमेर विद्युत वितरण निगम, अमनदीप को मुख्यालय जयपुर, नितेश सिंह गोयल को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, सूर्यकांत कुमावत को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय चूरू, दीपशिखा को मुख्यालय जयपुर तथा महिपाल सिंह को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय ब्यावर के पद पर लगाया है।

इसी प्रकार सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहित जैन को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, पल्लव जोशी को पुलिस आयुक्तालय जयपुर, अंजलिका पंवार को सूचना केन्द्र जयपुर, दिनेश कुमार शर्मा को क्षेत्र प्रचार शाखा मुख्यालय जयपुर, नरेन्द्र सिंह शेखावत को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, मोहनलाल को एसीबी जयपुर के पद पर लगाया है।

अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आश्री रामचंदानी को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर, पृथ्वीसिंह सिसोदिया को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय कोटा लगाया है। सहायक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विकास हल्दुनिया को मुख्यालय जयपुर तथा राजकुमार बैरवा को मुख्यालय जयपुर लगाया है।

वरिष्ठ सहायक राहुल कुमावत को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय झुंझुनूं, मनीष धाभाई को मुख्यालय जयपुर तथा किरोड़ीलाल मीणा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय ब्यावर के पद पर लगाया है।

विभाग ने उपनिदेशक अजय कुमार को साहित्य शाखा का अतिरिक्त कार्यभार आगामी आदेशों तक सौंपा है। इसके साथ ही एसीबी जयपुर में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत सुमन मान्तुवाल का पुलिस मुख्यालय जयपुर का अतिरिक्त कार्यभार निरस्त किया गया है।

''वंदे गंगा जल संरक्षण'' अभियान से 5 दिनों में जुड़े 3 करोड़ लोग

प्रदेश में करीब 7.31 लाख कार्यक्रमों के जरिए लिया जल संरक्षण का संकल्प

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में ''वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026'' प्रदेश में जन आंदोलन का स्वरूप लेता जा रहा है। अधिकमास में गंगा दशमी (25 मई) पर शुरू हुए प्रदेशव्यापी अभियान के 5 दिन में ही लगभग 3 करोड़ लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी दर्शाई। अब तक 7.31 लाख से अधिक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है।

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री ने टोंक के बीसलपुर बांध, भरतपुर के बंध बरेठा बांध और सुजान गंगा पर जल-पूजन व दीपदान कर अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद से अभियान गांव-गांव तक पहुंच गया है। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन कुओं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई, श्रमदान, वर्षा जल संग्रहण, जल चौपाल, प्रभात फेरी, कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं। वहीं, किसानों को वर्षा जल संग्रहण, भू-जल पुनर्भरण और आधुनिक सिंचाई तकनीकों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

- शहर, कस्बों और गांवों में लोग कुएं-बावड़ी, तालाब व अन्य जल स्रोतों की सफाई, श्रमदान तथा वर्षा जल संग्रहण जैसे कार्यक्रमों से जुड़े है।

'आधी आबादी' की बराबर की भागीदारी

अभियान में 29 मई तक 7.31 लाख कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 92 हजार 150 जल स्रोतों और 42015 सरकारी भवनों की सफाई, 52934 स्थानों पर श्रमदान एवं हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण के लिए 36822 पिट खोदना शामिल है।

वहीं, 8642 नवीन विकास कार्य प्रारंभ करने के अलावा 21410 पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण किया जा चुका है। इसके अलावा 32437 कलश यात्राएं, 13886 जल चौपाल एवं प्रभात फेरी, 12669 ग्राम सभाएं तथा 4215 बैठक एवं सेमीनार आयोजित किए जा चुके हैं।

इसी प्रकार 4.13 लाख स्थानों पर पूजन, नुक्कड़ नाटक एवं प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में 1 करोड़ 56 लाख 76 हजार 363 महिलाओं सहित 2 करोड 99 लाख 75 हजार 255 नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई है।

''नो प्लास्टिक डे'' मनाया जाएगा

अभियान के तहत 31 मई को वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा रैली, साइकिल रैली, श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशु खेलियों, बावड़ियों की साफ-सफाई, परिंडे बांधना, जल स्रोतों की सफाई-मरम्मत के कार्य व दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करते हुए नो प्लास्टिक-डे मनाया जाएगा।

वहीं, अमृत 2.0 योजना के नवीन कार्यादेश जारी करने के साथ पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण होगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पतालों एवं चौराहों पर जल सेवा के कार्यक्रम होंगे।

उत्कृष्ट कार्य पर होगा सम्मान

एक जून को स्प्रिंकलर, ड्रिप फार्म पॉन्ड, पाइप लाइन की स्वीकृतियां जारी करने के साथ खेती सम्बंधित कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां होंगी। साथ ही, किसान चौपाल में प्रगतिशील किसानों से नवाचारों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं, सौर ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा और अमृत सरोवर, प्रमुख झीलों, बांधों पर किसान कल्याण के लिए जल प्रार्थनाएं की जाएंगी। इसके बाद 2 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नदी, वृहद् एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों पर पूजन, जल उपयोगिता संगमों, कैच द रेन, जल संचय जन भागीदारी के कार्यक्रम होंगे। वहीं, नए कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन भी किया जाएगा। इसी दिन कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण एवं नवीन कार्यों की स्वीकृतियां जारी होंगी।

जिलों में 4 जून को रन फॉर एन्वायरमेंट

विभिन्न जिलों में 3 जून को जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर विशेष नवाचार एवं अभिनव पहल के कार्यक्रम होंगे। साथ ही, ट्रांसफार्मर्स के आसपास साफ-सफाई कराई जाएगी। इसी प्रकार 4 जून को जिलों में रन फॉर एन्वायर्न्मेंट आयोजित की जाएंगी। वहीं, सरकारी कार्यालयों में निर्मित रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स की साफ-सफाई की जाएगी। रोड साइड पौधारोपण की अग्रिम तैयारियां होंगी। जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता के लिए निबंध व नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम करवाए जाएंगे। अभियान में 5 जून को वन क्षेत्र में जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई, तुलसी के पौधों का वितरण, नर्सरियों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, चयनित स्थानों पर ईको फ्रैंडली आर्ट के कार्य होंगे। जिलों में नदी-नालों के अपशिष्ट जल के परिष्करण के लिए एसटीपी/सीईटीपी संयंत्रों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन कर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा शपथ दिलाई जाएगी। जिला स्तर पर अभियान का समापन समारोह होगा, जिसमें अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को 'जल गौरव सम्मान' से पुरस्कृत किया जाएगा।

भाषा की मर्यादा को लेकर प्रदेश में सियासत तेज

- बेनीवाल के बयान के बाद भाजपा हुई आक्रामक
- बीजेपी नेताओं के वायरल ऑडियो से बढ़ी चर्चाएं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल द्वारा मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी के बाद राजस्थान की राजनीति गरमा गई है। भाजपा नेताओं ने खुलकर विरोध जताया, लेकिन इसी बीच पार्टी नेताओं के कथित अभद्र भाषा वाले ऑडियो वायरल होने से राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। राजस्थान में राजनीतिक बयानबाजी और भाषा की मर्यादा को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के खिलाफ दिए गए बयान के बाद भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कई नेताओं ने बेनीवाल के बयान को मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ बताते हुए उनकी आलोचना की।

इसी बीच भाजपा नेताओं से जुड़े कुछ कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक माहौल और गर्मा उठा है। एक वायरल ऑडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें कैबिनेट मंत्री गौतम कुमार दक एक पुलिसकर्मी से अभद्र भाषा में बात करते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि इस ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं एक अन्य वायरल ऑडियो में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा और आरएलपी कार्यकर्ता के बीच तीखी बातचीत सामने आने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच भाषा की मर्यादा टूटती दिखाई दी। यह ऑडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राजनीतिक हलकों में अब यह चर्चा तेज है कि जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड लगातार नेताओं को संयमित भाषा के उपयोग की सलाह देते रहे हैं, तो क्या पार्टी अपने नेताओं के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाएगी। विपक्षी दल कांग्रेस भी इन घटनाओं को लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है और सत्ता पक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप लगा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी और संगठनात्मक राजनीति के बीच बयानबाजी का स्तर लगातार आक्रामक होता जा रहा है। ऐसे में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल तथा नेताओं की भाषा पर नियंत्रण राजनीतिक दलों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।फिलहाल इन घटनाओं ने राजस्थान की राजनीति में भाषा की मर्यादा, राजनीतिक शिष्टाचार और सार्वजनिक संवाद के स्तर को लेकर नई बहस खड़ी कर दी है।

राठौड़ ने हाल में चर्चा में आए सहकारिता मंत्री गौतम दक के विवादित बयान को लेकर कहा, इस मामले में संबंधित मंत्री से फोन पर बात की थी। मंत्री ने बताया कि उनके बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया है। संबंधित मंत्री का व्यक्तित्व और व्यवहार हमेशा गरिमापूर्ण रहा है। उन्हें नहीं लगता कि जानबूझकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी की होगी। किसी की भावनाएं आहत हुई है तो मंत्री माफी मांगने को भी तैयार हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा नेतृत्व संवाद और समाधान के पक्ष में है।

कैंपर से कार को टक्कर मारकर कारोबारी के हाथ-पैर तोड़े

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में आर्टिफिशियल और गोल्ड प्लेटेड ज्वेलरी कारोबार से जुड़े पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दुकान के नाम और करोड़ों रुपए के लेनदेन को लेकर चल रही रंजिश में बदमाशों ने एक कारोबारी की कार को कैंपर वाहन से टक्कर मारकर रोका और फिर उस पर लाठी-सरियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।थानाधिकारी मदन कड़वासरा ने बताया कि मूलत: केकड़ी (अजमेर) निवासी राकेश पुत्र रतनलाल जयपुर में आर्टिफिशियल एवं गोल्ड प्लेटेड ज्वेलरी का कारोबार करता है। 28 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने एक साथी के साथ दुकान से कार में रवाना हुआ था। इसी दौरान सामने से आई एक तेज रफ्तार कैंपर गाड़ी ने उसकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई।पुलिस के अनुसार कार रुकते ही कैंपर में सवार आरोपी तेजा और भीमा नीचे उतरे और राकेश को जबरन वाहन से बाहर खींच लिया। इसके बाद उसे सड़क पर पटककर लाठी-सरियों से ताबड़तोड़ हमला किया गया। हमलावरों ने उसके हाथ-पैरों को निशाना बनाते हुए कई वार किए, जिससे उसके हाथ-पैर टूट गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राकेश और आरोपी पहले दिल्ली में ''सोने की खान एलएलपी'' नाम से आर्टिफिशियल और गोल्ड प्लेटेड ज्वेलरी का साझेदारी में कारोबार करते थे। कारोबार में अनियमितताओं के बाद राकेश ने साझेदारी समाप्त कर जयपुर में इस्कॉन मंदिर के पास ''सोने की खान प्रा. लि.'' नाम से नया व्यवसाय शुरू कर दिया।

आरोप है कि साझेदारी टूटने के बाद दूसरे पक्ष ने भी इसी से मिलता-जुलता नाम रखकर केसर चौराहे के पास नई दुकान खोल ली। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच दुकान के नाम, ब्रांड पहचान और आर्थिक लेनदेन को लेकर विवाद लगातार बढ़ता गया।

अदालती रोक के बावजूद चार्जशीट जारी करने पर डीईओ तलब

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक से जुडे मामले में वसूली पर अदालती रोक के बावजूद उसे चार्जशीट जारी करने के मामले में झालावाड़ जिला शिक्षा अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होकर जवाब देने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने संत कुमार मीणा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि नवम्बर, 2025 में याचिकाकर्ता को 9.49 लाख रुपए से अधिक की वसूली के लिए नोटिस दिया गया। जिसमें कहा था कि उन्होंने शैक्षिणक कार्य नहीं करने के बावजूद वेतन लिया। याचिकाकर्ता ने बकाया वसूली के नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा था कि उसने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्य किया। इसके बाद हाईकोर्ट ने दिसम्बर 2025 में वसूली पर रोक लगा दी और आदेश की कॉपी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भी दे दी।

आंधी से आसमां में छाया धूल का गुबार, बारिश से मिली राहत



राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार शाम को राजधानी जयपुर में भी तेज आंधी के साथ बारिश हुई और ओले भी गिरे। इससे पहले धूलभरी आंधी चलने से शहर में दिन के समय ही अंधेरा छा गया। मौसम के बदले मिजाज और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली। बताया जा रहा है कि जयपुर में भी करीब 80 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। फोटो-राष्ट्रदूत

खोया पाया

मेरे फ्लैट नम्बर- C-11/6 चिनाव अपार्टमेंट, सैक्टर-28, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का अलाटमेंट लेटर नम्बर 4500, डेटेड 26/08/2020 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें तपस्या - 9667698707

मेरे फ्लैट नम्बर- C-11/7 चिनाव अपार्टमेंट, सैक्टर-28, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का अलाटमेंट लेटर नम्बर 4501, डेटेड 26/08/2020 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें रवि 7014635835

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मुकेश कुमार यादव दर्ज है जबकि आधार में मेरा नाम मुकेश यादव है उपरोक्त दोनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूं भविष्य में मुझे मुकेश यादव पुत्र श्री प्रहलाद सहाय यादव निवासी टसकोला, तहसील पावटा, जिला कोटपूतली- बहरोड, राजस्थान के नाम से जाना जावे

NAME CHANGE

I (BHANU PRATAP CHAUHAN) S/o. (GUMAN SINGH CHAUHAN) Address: (Ward No.21, Rajaredi Madan Ganj Kishangarh, Ajmer rajasthan-305801) has changed my Name from (BHANU PRATAP CHAUHAN) S/o. (GUMAN SINGH CHAUHAN) to (BHANU PRATAP SINGH) S/o. (GUMAN SINGH)

मैं, ललित कुमार बालानी मैंने अपना नाम बदलकर ललित बालानी, सी-28, मोती विहार, चक गेटोर, सांगानेर, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए

मै सुमन कुमारी पत्नी JC 472662M सूबेदार रामवीर सिंह शेखावत गांव स्यालू कलां जिला झुंझुनूं राजस्थान पिनकोड 333026 मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुमन कुमारी और जन्मतिथि 24/04/1978 गलत दर्ज है मेरा सही नाम सुमन कंवर और जनमतिथि 01/01/1978 हैं वाया नोटरी शपथपत्र जयपुर

मैंने अपना नाम नारायण दास से बदलकर नारायण दास लालवानी रख लिया है तथा पिता का नाम रतन चंद लालवानी से बदलकर रतुमल लालवानी रख लिया है भविष्य में मुझे नारायण दास लालवानी पुत्र रतुमल लालवानी के नाम से जाना पहचाना जावे पता F-10 एयरपोर्ट एनक्लेव पाणिग्रहण जगतपुरा जयपुर

मैंने मेरा नाम आर्यन से बदलकर आर्यन महला पुत्र नरेंद्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे आर्यन महला के नाम से जाना जाये। पताः वार्ड नं 13, न्यू हाउसिंग बोर्ड के पास, झुंझुनू, राजस्थान, पिनकोड 333001

आम-सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य बनवारी लाल यादव पुत्र श्री भगवान सहाय यादव निवासी 19, ग्वार ब्राह्मणान, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर ने हरि नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर रजि. नं. 2724/एल द्वारा विकसित आवासीय योजना शिव हैरिटेज स्थित ग्राम बक्सावाला, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में स्थित प्लॉट संख्या 47 से 51 एवं प्लॉट संख्या 51-ए, 52, 52-ए, 53, 53-ए, 54 व 55 प्रत्येक का क्षेत्रफल 50 वर्गगज में निर्मितशुदा बिला दिनांक 30.04.2026 को मैसर्स साक्षी बिल्डर्स जरिये प्रोपराईटर वैशाली गर्ग पत्नी श्री रमाकान्त गर्ग पता 23-ए, बजरंग नगर, एयरपोर्ट रोड, पशुपतिनाथ कॉलोनी, सांगानेर, जिला जयपुर से जरिये इकरारनामा बिचौती दिनांकित 30.04.2026 को राशि 2,90,00,000/- रूपये सम्पूर्ण विक्रय प्रतिफल की राशि का भुगतान कर खरीद किया जाकर भौतिक एवं वास्तविक कब्जा प्राप्त किया जा चुका है। वैशाली गर्ग द्वारा बेईमानी से वशीभूत होकर उक्त सम्पत्तियों को अन्य दीगर व्यक्ति, संस्था को विक्रय करने का अनुचित प्रयास कर रही है। जो कोई व्यक्ति, संस्था, संगठन इत्यादि उक्त सम्पत्तियों को खरीद करेगा, उसके होने वाले परिणामों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।

भवदीय
(कैलाश शर्मा)
अधिवक्ता
जयपुर
दिनांक 29/05/26

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्र.:- एफ ( )/न.नि.ज/मा.न. जोन/2026/1726 दि. :29.05.2026
सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 30 जवाहर नगर कॉलोनी टोंक रोड जयपुर हाउस बिल्डिंग गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर का पट्टा विलेख जिसका कुल क्षेत्रफल 461.30 वर्गगज का श्रीमति निर्मला रानी पत्नि स्व. श्री रमेश चन्द्र के नाम से जारी किया गया है। मूल पट्टेधारी श्रीमति निर्मला रानी पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र की मृत्यु दिनांक 23.12.2007 को हो चुकी है। मूल पट्टेधारी श्रीमती निर्मला रानी पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र की मृत्यु पश्चात इनके अन्य वारिसानों श्रीमती प्रतिभा, श्रीमती गायत्री के द्वारा के द्वारा दिनांक 13.07.2012 को एवं श्रीमती अलका के द्वारा दिनांक 13.06.2013 को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र के द्वारा अपना-अपना हिस्सा आवेदकों श्री दीपक, मुकेश, राजेश धींगड़ा पुत्र श्री रमेश चन्द्र धींगड़ा के पक्ष में किया गया है। आवेदकों के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र अण्डरटेकिंग, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 30 जवाहर नगर कॉलोनी, टोंक रोड जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 1184 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक :- 29/05/2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 51/216 (LIG) का आवंटन श्री सुनील कुमार वर्मा पुत्र श्री साधुराम वर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 572 दिनांक 28-04-1992 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 41 दिनांक 13-01-2000 के द्वारा श्रीमती मिनाक्षी श्रीवास्तव पत्नी श्री अनिल श्रीवास्तव के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 28.03.2003 को कर दिया गया।
श्रीमती मिनाक्षी श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 26.10.2023 को हो जाने के कारण उनके पति श्री अनिल श्रीवास्तव पुत्र श्री केशव शरण पाण्डया द्वारा आवासन मण्डल मे पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।
अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री अनिल श्रीवास्तव पुत्र श्री केशव शरण पाण्डया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त-प्रथम,
राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक : न.नि.भ. /2026-27/3019 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 11.05.2026
आवेदक श्री लोकेश कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद द्वारा ऑनलाइन फाइल संख्या NNBHA/2025-26/BPAS/623 प्रस्तुत कर भूखण्ड स्थित नवाब गली, मथुरा गेट, भरतपुर का भूखण्ड क्षेत्रफल 49.07 वर्गमीटर की आवासीय जी +1 भवन निर्माण स्वीकृति चाही गई है। आवेदन में स्टेट ग्रान्ट पट्टा क्रमांक 8156 दिनांक 30.11.2021, प्रस्तावित मानचित्र, अण्डरटेकिंग शपथ पत्र तथा न्यायालय सम्बन्धी कोई विवाद न होने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा गुजरे म्याद पत्रावली संख्या 628 में श्री लोकेश कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद के नाम भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर